दिन– गुरूवार दिनांक– 30/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन एक फरवरी को लोकसभा में वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट प्रस्तुत करेंगी। बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद, जदयू और अन्य दलों के वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज मधेपुरा जिले में दो सौ अट्ठासी करोड़ रूपये से अधिक की सैंतीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने इस दौरान रसलपुर–धुरीया पंचायत के कलासन गांव में आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदियों और योजनाओं के लाभुकों से संवाद भी किया।

————————————————————————

मुंगेर और खगड़िया के बीच गंगा नदी पर बने श्रीकृष्ण सेतु पर निरीक्षण कार्य के कारण आज और कल वाहनों का परिचालन विभिन्न अंतराल पर बंद रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने मुंगेर और खगड़िया के जिलाधिकारी तथा रेलवे को पत्र लिखकर मेगा ब्लॉक की सूचना दी है। जारी निर्देश के अनुसार आज दिन के ग्यारह बजे से बारह बजकर तीस मिनट तक और दो बजे से शाम चार बजे तक सेतु पर वाहनों का परिचालन नहीं होगा। वहीं, कल सुबह आठ बजे से नौ बजकर तीस मिनट तक और पूर्वाह्न ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

————————————————————————

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथुपुर गांव के पास मुख्य सड़क पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ विवाद के बाद मारपीट में सासाराम के सांसद मनोज राम घायल हो गए। सांसद को प्राथमिक उपचार के लिए मोहनियां अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया है। सांसद के भाई और उनके अंगरक्षक भी घायल हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

पटना की एमपीएमएलए कोर्ट ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका पर फैसला अगली सुनवाई तक टाल दिया है। मोकामा के पंचमहला गांव में गोलीबारी के मामले में आज न्यायालय ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस से केस डायरी की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई केस डायरी मिलने के बाद होगी। गौरतलब है कि गोलीबारी मामले में पूर्व विधायक ने बाढ़ की स्थानीय अदालम में आत्मसर्म्पण कर दिया था।

———————————————————————

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी सतहत्तरवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस में महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि स्थल राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, पटना में गांधी घाट पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकतर भागों में ठंड में कमी हुई है। विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, राज्य के उत्तरी भाग में हिमालय की तराई वाले जिलों में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। विभाग ने एक फरवरी से राज्य के कुछ हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना भी व्यक्त की है।

————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घागड़ टोला में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है।

————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के दलसिंगसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्धों बाजितपुर स्थित ठाकुरबाड़ी से चोरों ने अष्ट धातु की राम, लक्षमण और सीता की मूर्तियां चोरी कर ली। पुलिस एफएसएल टीम की मदद से मामले की जांच कर रही है।

————————————————————————————

गोपालगंज के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने आज समारणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक, जमीन का पर्चा और ट्राईसाइकिल का वितरण किया।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।